औपचारिकता | जल गंगा संवर्धन अभियान बना मज़ाक, मझौली के वार्ड 13 में बावड़ी जीर्णोद्धार के नाम पर पैसों की बंदरबांट, अभियान के नाम पर केवल औपचारिकता

गंदगी के ढेर पर फेर दिया चूना, वार्डवासियों ने खोला मोर्चा

मझौली, नवभारत, जबलपुर। सूबे के मुख्यमंत्री जहां एक तरफ 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत प्रदेश के कुएं, बावड़ियों और पारंपरिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, वहीं मझौली नगर परिषद के नुमाइंदे इस पुनीत अभियान को महज 'कमाई का जरिया' बनाने में मशगूल हैं।

ताजा मामला मझौली के वार्ड नंबर 13 का है, जहां स्थित प्राचीन बावड़ी के जीर्णोद्धार के नाम पर जमकर धांधली की जा रही है। वार्ड वासियों का आरोप है कि बिना किसी मरम्मत, छपाई या साफ-सफाई के, गंदगी के ऊपर ही सिर्फ रंग-रोगन कर सरकारी पैसों को ठिकाने लगाने का खेल खेला जा रहा है।

केवल 'फोटो सेशन' की तैयारी

स्थानीय लोगों के मुताबिक, अधिकारियों को दिखाने और केवल फोटो खिंचवाने के लिए ऊपर-ऊपर से लीपापोती कर दी गई है, ताकि कागजों पर काम को शत-प्रतिशत पूरा दिखाया जा सके। इस मामले को लेकर वार्ड निवासी प्रशांत जैन का कहना है कि नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारी केवल औपचारिकता पूरी करने में जुटे हैं। जीर्णोद्धार के नाम पर सीधे पुताई का काम शुरू करा दिया गया। न तो बावड़ी के अंदर की मुकम्मल सफाई कराई गई और न ही सालों से जमा मलवा बाहर निकलवाया गया। यह सीधे तौर पर सरकारी बजट को ठिकाने लगाने की साजिश है।'

यह जनता के टैक्स के पैसे की बर्बादी है

वार्ड के निवासियों का कहना है कि जल संकट के इस दौर में उम्मीद थी कि इस अभियान के तहत बावड़ी का कायाकल्प होगा और वार्ड वासियों को स्वच्छ जल का एक पुराना स्त्रोत वापस मिलेगा। लेकिन ठेकेदार और जिम्मेदारों की मिलीभगत ने इस जनहितैषी योजना को मजाक बना कर रख दिया है। गंदगी के ढेर पर चूना-कलर फेरकर यह साबित कर दिया गया है कि इन्हें जल संरक्षण से कोई सरोकार नहीं है, नजर सिर्फ बजट हड़पने पर है।

जब इस पूरे फर्जीवाड़े और वार्ड वासियों के आक्रोश को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से बात की तो मुख्य नगरपालिका अधिकारी का कहना था कि वार्ड नंबर 13 की बावड़ी में कार्य के दौरान बरती जा रही लापरवाही की शिकायत मेरे संज्ञान में आई है। जल गंगा संवर्धन अभियान सरकार की प्राथमिकता का काम है, इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मैंने सब-इंजीनियर (उपयंत्री) को मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए हैं। यदि बिना सफाई और मरम्मत के सीधे पुताई कराई गई है, तो संबंधित ठेकेदार का भुगतान रोका जाएगा और कार्य को दोबारा मापदंडों के अनुसार कराया जाएगा।

बिना मरम्मत गंदगी के अंबार पर कर दी पुताई!

वार्ड नंबर 13 के जागरूक नागरिक प्रशांत जैन सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासियों ने इस पूरे कार्य प्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिना छपाई के बावड़ी की दीवारें जर्जर हैं, प्लास्टर उखड़ रहा है, लेकिन बिना किसी तकनीकी सुधार या छपाई (प्लास्टर) के, सीधे पुरानी दीवारों पर औपचारिकता पूरी करने के लिए पुताई करवा दी गई। वहीं बावड़ी के भीतर और आसपास आज भी कचरे और सिल्ट (कीचड़) का अंबार लगा हुआ है। न तो कचरे को अलग किया गया और न ही पानी को स्वच्छ बनाने का कोई प्रयास हुआ।

परिषद की बैठक में आपत्ति दर्ज कराऊंगा : पार्षद

वार्ड वासियों की शिकायत पूरी तरह जायज है। मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार बावड़ी की पूरी सफाई और उसका जीर्णोद्धार होना चाहिए, न कि केवल ऊपर से रंग-रोगन। मैं खुद इस मामले को लेकर परिषद की बैठक में आपत्ति दर्ज कराऊंगा और जब तक पूरी सफाई और दीवारों की छपाई नहीं हो जाती, तब तक इस कार्य का मूल्यांकन नहीं होने दिया जाएगा।

उच्चाधिकारियों से जांच और कार्रवाई की मांग

वार्ड नंबर 13 के निवासियों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के आला अधिकारियों से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से इस घटिया और कागजी कार्य के भुगतान पर रोक लगाई जाए। तथा मौके का भौतिक सत्यापन कर ठेकेदार और दोषी इंजीनियरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। बावड़ी से पूरा कचरा और मलवा निकालकर, उसकी दीवारों की मुकम्मल मरम्मत (प्लास्टर) कराई जाए ताकि 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का वास्तविक उद्देश्य पूरा हो सके। अब देखना यह होगा कि जनभावनाओं और सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट से खिलवाड़ करने वाले इन भ्रष्ट नुमाइंदों पर जिला प्रशासन का हंटर चलता है या फिर इस भ्रष्टाचार पर भी 'पुताई' फेर दी जाएगी!

पांच मिनट की बारिश ने बढ़ाई उमस और बेचैनी

नवभारत,बेलखाडू। बुधवार को नौ तपा के तीसरे दिन दोपहर 3 बजे कड़कड़ाती धूप और बेचैन कर देने वाली पसीने भरी गर्मी से लोग किसी तरह पंखे कूलर में राहत तलाश रहे हैं। यह तपन, उमस भरे इस मौसम में परिवर्तन की उम्मीद भी ग्रामीण लगाए हुए हैं। वहीं अचानक दोपहर को सूर्य की बादलों में लुका छिपी प्रारंभ हुई और साढ़े तीन बजे अचानक तेज और बड़ी बूंद की बारिश का दौर शुरू हुआ जिससे गर्मी में राहत की उम्मीद बन गई थी लेकिन यह क्रम पांच मिनट में ही सिमट गया। जिससे उमस और बेचैनी बढ़ गई।

एक नजर में

पुलिस चौकी बेलखाडू प्रभारी बदले, दी विदाई

नवभारत,बेलखाडू। लगभग तीन वर्ष से ऊपर रहे पुलिस चौकी बेलखाडू प्रभारी एसआई राजेश धुर्वे का नुनसर पुलिस चौकी प्रभारी के रूप में गत दिवस स्थानांतरण हो गया। उनकी जगह मझौली थाने में पदस्थ रहे सब इंस्पेक्टर अमित मिश्रा को बेलखाडू चौकी प्रभारी बनाया गया है। ग्राम के प्रमुख लोगो के साथ पुलिस चौकी स्टाफ द्वारा राजेश धुर्वे का पुष्प माला, स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी साथ ही नए प्रभारी अमित मिश्रा का सभी ने स्वागत किया।

लावारिस शव निस्तारण के लिए मिलेंगे 7 हजार

जबलपुर, नवभारत। भारतीय रेलवे ने रेल पटरियों, स्टेशन परिसरों या ट्रेनों के भीतर मिलने वाले लावारिस शवों के संरक्षण और उनके सम्मानजनक अंतिम संस्कार को लेकर एक बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण फैसला लिया है। रेलवे बोर्ड के आईजी प्रशासन महेश्वर सिंह द्वारा जारी आदेश के तहत अब प्रति शव खर्च की जाने वाली अनुग्रह राशि को 5 हजार रुपये से बढ़ाकर 7 हजार रुपये कर दिया गया है। बोर्ड द्वारा लिया गया यह मानवीय निर्णय तत्काल प्रभाव से पश्चिम मध्य रेलवे समेत देश के सभी जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों, प्रधान वित्त सलाहकारों और मुख्य सुरक्षा आयुक्तों को भेजकर लागू कर दिया गया है। इस फैसले से राजकीय रेलवे पुलिस और स्थानीय रेलवे प्रशासन को क्षेत्रीय स्तर पर लावारिस शवों के निस्तारण की कानूनी प्रक्रियाओं, कफन सामग्री और परिवहन को व्यवस्थित तरीके से पूरा करने में बड़ी मदद मिलेगी।

गेट पर बैठकर यात्रा कर रहा युवक घायल

जबलपुर, नवभारत। जबलपुर रेल मंडल अंतर्गत बुधवार 27 मई को बागमती एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रहे एक यात्री को चलती ट्रेन के गेट पर बैठना भारी पड़ गया। दरभंगा से बेंगलुरु जा रहे 22 वर्षीय यात्री सोनू को गंभीर चोटें आईं। नरसिंहपुर स्टेशन पर ट्रेन पहुंचते ही रेलवे चिकित्सक डॉ. आर.आर. कुर्रे ने घायल यात्री का उपचार किया। बताया जाता है कि यात्री सोनू ट्रेन के गेट के पास बैठा हुआ था और इसी दौरान उसे नींद का झोंका आ गया। इससे उसके दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं और लगातार खून बहने लगा। रेलवे चिकित्सकीय टीम ने तुरंत घावों की ड्रेसिंग की और बीटाडीन लगाकर रक्तस्राव को नियंत्रित किया।

मझौली में भगवान निषाद राज की प्राण प्रतिष्ठा

नवभारत, जबलपुर। मझौली के बाजार प्लांट स्थित रैकवार समाज भवन में आराध्य देव भगवान निषाद राज की प्रतिमा की वैदिक विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन कलश यात्रा, अखंड मानस पाठ, हवन और भंडारे के साथ हुआ। पूजा-अर्चना के बाद महाआरती और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर निषाद रैकवार माझी समाज के अनिल केवट, कोमल रैकवार, गिरजा शंकर, उमा रैकवार, सुरेश माझी सहित सभी स्वजाति बंधु उपस्थित रहे।

आयुर्वेदिक औषधालय बोरिया में हुआ योग सत्र का आयोजन

नवभारत बोरिया। 21 जून 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन समस्त जिलों में व्यापक स्तर पर किया जाना है ।इसके सफल आयोजन हेतु आयुष विभाग मध्य प्रदेश द्वारा 25 दिवसीय काउंटडाउन का मुख्य कार्यक्रम खजुराहो में केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव के मुख्य आतिथ्य में योग सत्र आयोजित हुआ। जिसका लाइव प्रसारण प्रदेश के समस्त आयुष संस्थाओं में किया गया इसी क्रम में आज दिनांक 27 को जिला जबलपुर में भी सभी आयुष संस्थाओं में योग सत्र का आयोजन किया गया।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ युगल किशोर इडपाचे की उपस्थिति में आयुर्वेदिक औषधालय बोरिया में योग सत्र का सफल आयोजन किया योग नोडल डॉ सर्वेश पटेल ने बताया की आगामी 21 जून तक आयुष विभाग जबलपुर सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)में प्रतिदिन योग सत्र का आयोजन करवा रहा है जिसमें अधिक से अधिक जनमानस योग से जुड़कर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो सके और स्वस्थ भारत विकसित भारत कि कल्पना को साकार करे।

उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर सिहोरा में बैठक आयोजित

सिहोरा, नवभारत। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (संचालन/संधारण) सिहोरा संभाग द्वारा आज उच्चदाब (हाई-टेंशन) उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से जबलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता (सं/सं) खुशियाल शिववंशी, सिहोरा के कार्यपालन अभियंता श्री अमित कुमार विश्वकर्मा, जबलपुर (एसटीएम-एसटीसी) के कार्यपालन अभियंता श्री अविनाश सिंह और सिहोरा उपसंभाग के सहायक अभियंता श्री जसवंत सिंह उपस्थित रहे।

औद्योगिक क्षेत्र की ओर से पैसिफिक आयरन, जियोमिन आयरन, सागर स्टोन, जियोमिन इंडस्ट्रीज, शोभा मिनरल्स, ब्रोकन हिल्स और आनन्द माइनिंग सहित कई प्रमुख औद्योगिक इकाइयों के अधिकारी, प्रतिनिधि और सदस्य शामिल हुए।

उपभोक्ताओं ने उठाई समस्याएं, मिले त्वरित निर्देश

बैठक के दौरान औद्योगिक उपभोक्ताओं ने मुख्य रूप से बिजली के वोल्टेज में उतार-चढ़ाव (फ्लक्चुएशन) और बार-बार होने वाले विद्युत व्यवधान जैसी गंभीर समस्याओं से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया। अधीक्षण अभियंता खुशियाल शिववंशी ने उपभोक्ताओं की शिकायतों को बेहद गंभीरता से सुना। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से कहा कि विद्युत लाइनों का नियमित संधारण (मेंटेनेंस) किया जाए। आवश्यक सुधार कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

संवाद और निरीक्षण पर जोर

बैठक में भविष्य की बिजली आपूर्ति को अधिक सुदृढ़ और विश्वसनीय बनाने के लिए विभाग और उपभोक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय और निरंतर संवाद बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक के समापन के बाद अधीक्षण अभियंता ने हरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र के उपकेंद्र का जमीनी निरीक्षण भी किया। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में बिना किसी रुकावट के (अनवरत) बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक सुधार कार्य करने के कड़े निर्देश दिए।

बुनियादी ढांचे में सुधार से मिलेगी बड़ी राहत

बैठक में विभाग द्वारा क्षेत्र में चल रहे विकास और प्रगतिरत कार्यों की जानकारी भी साझा की गई। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में नवीन अगरिया उपकेन्द्र की स्वीकृति मिल चुकी है। नवीन 33 केवी फीडर मझगवां का निर्माण कार्य जारी है। 33 केवी फीडरों के वाईफरकेशन (विभाजन) का काम प्रगति पर है। जिस पर अधिकारियों का दावा है कि इन सभी परियोजनाओं के पूर्ण होते ही क्षेत्र के उच्चदाब उपभोक्ताओं को वोल्टेज की समस्या और ट्रिपिंग से काफी हद तक राहत मिल जाएगी।

पुरुषोत्तम माह में नरसिंह टेकरी खितौला में उमड़े भक्त

सिहोरा, नवभारत। पुरुषोत्तम माह के पावन अवसर पर खितौला स्थित श्री नरसिंह टेकरी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंचकर पुरुषोत्तम महात्म्य कथा का श्रवण कर रहे हैं और धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं।

सुबह तड़के ही व्रतधारी माताएं करीब चार बजे से हिरन नदी में पहुंचकर स्नान, ध्यान, पूजन-अर्चन एवं दीपदान कर रही हैं। इसके बाद सभी श्रद्धालु खितौला स्थित श्री नरसिंह मंदिर पहुंचकर भगवान नरसिंह जी के दर्शन कर पूजन-अर्चन कर रहे हैं।

मंदिर परिसर में आयोजित पुरुषोत्तम महात्म्य कथा का श्रवण प्रतिदिन सुबह 6 बजे से कराया जा रहा है, जिसमें भक्तगण बड़ी श्रद्धा के साथ शामिल हो रहे हैं। इस पूरे धार्मिक आयोजन का संचालन महंत स्वामी गोविंद दास जी एवं पुजारी ब्रह्मचारी बांके बिहारी दास जी के निर्देशन में किया जा रहा है। कथा व्यास श्री गणेश प्रसाद मिश्रा जी ने कथा के दौरान बताया कि भगवान विष्णु जी ने इस माह को विशेष वरदान दिया है। इस पवित्र मास में जो भी व्यक्ति व्रत, दान, पूजा और जप करता है, उसके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और सच्ची भक्ति करने वाले भक्तों को बैकुंठ लोक की प्राप्ति होती है।

इस अवसर पर गीता प्यासी, मिश्राइन, संध्या प्यासी, शुभा पांडे, सोभा दुबे, निशा प्यासी, निधि दुबे, ममता सोनी, अंजना सोनी, प्रीति सोनी सहित सभी व्रतधारी माताओं ने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से कथा श्रवण में शामिल होने की अपील की है। पूरे क्षेत्र में इस धार्मिक आयोजन को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

आयुष संस्थाओं में योग सत्र शिविर का आयोजन

पनागर, नवभारत। आगामी 21 जून 2026 को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयुष विभाग मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेशभर में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में 25 दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम के तहत मुख्य आयोजन खजुराहो में केंद्रीय आयुष मंत्री के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ, जिसका लाइव प्रसारण प्रदेश की समस्त आयुष संस्थाओं में किया गया।

इसी श्रृंखला में बुधवार को जिला जबलपुर की विभिन्न आयुष संस्थाओं में योग सत्रों का आयोजन किया गया। एकीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगोद में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं योग नोडल अधिकारी डॉ. सर्वेश पटेल की उपस्थिति में योग सत्र का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में वीरेंद्र चौधरी, गणेश तिवारी, अंकिता त्रिपाठी एवं गणेश कोल का विशेष सहयोग रहा। योग नोडल अधिकारी डॉ. सर्वेश पटेल ने बताया कि आगामी 21 जून तक आयुष विभाग जबलपुर द्वारा सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में प्रतिदिन योग सत्र आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग योग से जुड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और 'स्वस्थ भारत, विकसित भारत' की परिकल्पना को साकार किया जा सके।

शाउमा विद्यालय में बाउंड्री वॉल निर्माण की मांग

सिहोरा। सिहोरा तहसील के अंतर्गत संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोसलपुर में बाउंड्री वॉल निर्माण की मांग बड़े लंबे समय से चली आ रही है आपको बता दें की इस विद्यालय में लगभग एक दर्जन गांवों के हजारों छात्र-छात्राएं विद्या अध्ययन करने हेतु आते हैं परंतु इस विद्यालय प्रांगण में बाउंड्रीवाल न होने के कारण यहां पर स्कूली छात्र-छात्राओं की साइकिले चोरी हो जाती है वहीं दूसरी ओर स्कूल टाइम में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है तो रात्रिकालीन विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था भी खतरे में रहती है विद्यालय में अनेकों बार चोरी की घटनाएं भी घट चुकी है। बाउंड्रीवाल न होने से छात्राओं को डर भय सताता रहता है खाली जमीन पर अनेक भू माफियाओं के द्वारा विद्यालय प्रांगण की खाली भूमि पर अवैध कब्जे की नियत जमी रहती है विद्यालय प्रांगण में बाउंड्री बाल की मांग के निर्माण के लिए संस्था प्रमुख राज बहादुर सिंह सोनकर द्वारा क्षेत्रीय विधायक व कलेक्टर को पत्र लिखकर जल्द ही इस विद्यालय प्रांगण में बाउंड्रीवॉल की मांग की जावेगी

वितरण | जागृति दुर्गोत्सव समिति पनागर ने वितरित किया ठंडा रूहअफ्जा शरबत

भीषण गर्मी में राहगीरों को मिला राहत का घूंट

पनागर, नवभारत। मई के महीने में आसमान से बरसती आग और चिलचिलाती धूप के कारण आम जनजीवन बेहाल है। बढ़ते तापमान और लू के थपेड़ों से राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए पनागर में सामाजिक संस्थाएं आगे आने लगी हैं।

इसी कड़ी में पनागर की प्रतिष्ठित जागृति दुर्गोत्सव समिति द्वारा एक बेहद सराहनीय और पुनीत कार्य किया गया। समिति के सदस्यों ने सेवा भावना का परिचय देते हुए मुख्य मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों के लिए ठंडे और शीतल रूहअफ्जा शरबत के वितरण का आयोजन किया।

राहगीरों को रोक-रोककर पिलाया शरबत

पनागर के मुख्य चौक-चौराहों और व्यस्त मार्गों पर समिति के सदस्य सुबह से ही मुस्तैद नजर आए। चिलचिलाती धूप में पैदल चल रहे राहगीरों, साइकिल सवारों, ऑटो चालकों और दोपहिया वाहन चालकों को रोक-रोककर समिति के सदस्यों ने बड़े ही उत्साह और आदर के साथ ठंडा-मीठा शरबत पिलाया। प्यास से व्याकुल लोगों को इस भीषण गर्मी में जैसे ही ठंडा शरबत मिला, उनके चेहरों पर राहत की मुस्कान साफ देखी जा सकती थी।

समिति के सदस्यों की रही सराहनीय भूमिका

इस सामाजिक आयोजन में जागृति दुर्गोत्सव समिति के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा सदस्य और स्थानीय नागरिक बढ़-चढ़कर शामिल हुए। समिति के सदस्यों ने बताया कि वर्तमान में गर्मी का प्रकोप अपने चरम पर है, ऐसे में राहगीरों और मजदूरों को डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) से बचाना और उनकी प्यास बुझाना ही सबसे बड़ी सेवा है।

भीषण गर्मी के इस दौर में राहगीरों के लिए की गई इस ठंडे शरबत की व्यवस्था की पूरे पनागर क्षेत्र में जमकर प्रशंसा हो रही है। मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों और स्थानीय दुकानदारों ने जागृति दुर्गोत्सव समिति के इस नेक और मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य अन्य लोगों को भी जनसेवा के लिए प्रेरित करते हैं।